हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 16 जुलाई 2025

06 कलेक्ट्रेट की छत से पत्नी ने कूदने का किया प्रयास...



07 शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी...





**खबर संक्षेप में**

### सीहोर स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग तेज

**सीहोर**। देशभर से सीहोर पहुंच रहे श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के नहीं रुकने से रोजाना परेशानी हो रही है। रविवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान के मार्गदर्शन में डेली अप डाउनर्स संघ ने स्टेशन पर सभी ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर रतलाम मंडल डीआरएम के नाम ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंपा। नौशाद खान ने बताया कि सीहोर रेलवे स्टेशन पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में आता है। कोरोना से पहले यहां इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस और पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस का स्टॉपेज था। तीन साल बीतने के बाद भी इन ट्रेनों का स्टॉपेज अब तक शुरू नहीं हुआ है। नगरवासियों ने कई बार ज्ञापन दिए। सांसद आलोक शर्मा ने भी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कालापीपल, अकोदिया और शुजालपुर जैसे छोटे स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनें रुक रही हैं। सीहोर स्टेशन का राजस्व इनसे कई गुना ज्यादा है। इसके बावजूद यहां के यात्रियों और देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ भेदभाव हो रहा है। कुबेरेश्वरधाम पर रोजाना पहुंचते हैं हजारों लोग स्टेशन के पास ही पंडित प्रदीप मिश्रा का कुबरेश्वर धाम है। यहां रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं होने से उन्हें भारी दिक्कत होती है। इंदौर व्यापारिक राजधानी है। सीहोर से रोज सैकड़ों लोग वहां आते-जाते हैं। सीधी ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं होने से उन्हें भी परेशानी उठानी पड़ रही है। नौशाद ने ज्ञापन की प्रति फिर से सांसद आलोक शर्मा और केंद्रीय रेल मंत्री को भेजी है। मांग की गई है कि सीहोर स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों का स्टॉपेज किया जाए।

## कलेक्टर सिंह ने टीएल बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें नॉन अटेंड रहने पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





सभी विभाग प्रमुख, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतो के निराकरण में गंभीरता बरतें, समाधानकारी निराकरण कर शिकायतें पोर्टल से विलोपित करवाएं, शिकायतें नॉन अटेंड नहीं रहे, अगले स्तर पर नॉन अटेंड शिकायतें जाने पर संबन्धित विभाग प्रमुख के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

यह निर्देश कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान सभी विभाग प्रमुखों को दिए। कलेक्टर ने शिकायत निराकरण में डी ग्रेडिंग में रहने वाले विभागों के अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी की शिकायत निराकरण की ग्रेडिंग सुधारे अन्यथा कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। कलेक्टर ने बैंकों से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की शिकायत के निराकरण हेतु एलडीएम को बैंकर्स की बैठक लेकर शिकायतों का समाधानकारी निराकरण करवाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के आवेदन एवं समय सीमा के पत्रों की समीक्षा कर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टाइम लिमिट के पत्रों का समयसीमा में निराकरण कर जन आकांशा पोर्टल पर दर्ज करें। जनसुनवाई के आवेदन को भी गंभीरता से लेकर उनका निराकरण किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर मनीषा कौल, किरण बरबडे, प्रेम नारायण परमार सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रतिमाह शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले सेवकों का सम्मान समारोह आयोजित कर ससम्मान विदाई दें, सभी विभाग अपने विभागों से सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों की जानकारी कोषालय को उपलब्ध करवाएं, जिससे की माह के अंतिम दिन सम्मान समारोह आयोजित किया जा सके। शासकीय सेवकों को उनके सभी स्वत्वों का भुगतान आदेश भी सेवानिवृत्ति के दिन प्रदान किया जाए। उन्होंने आईएफएमएस पर समग्र मेपिंग से शेष शासकीय सेवकों की मेपिंग करवाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा कर एसडीएम, तहसीलदारों को नामांतरण, बंटवारा एवं डायवर्सन के प्रकरणों का निराकरण करने तथा लक्ष्य अनुसार राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए। तहसीलदारों को किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान निधि के हितग्राहियों की ई-केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अऋणी किसानों का बीमा पंजीयन हेतु फार्मर रजिस्ट्री को मौसम खरीफ-2025 से अनिवार्य किया गया है। जिले के कृषक अपनी फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनवा ले।

कलेक्टर ने 3 माह के एक मुश्त राशन वितरण की समीक्षा, सभी हितग्राहियों को राशन वितरण करने तथा मध्याह्न भोजन हेतु शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं को समय पर राशन को उठाव करने एवं सभी खाद्यान्न हितग्राहियों की ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में स्वीकृत आंगनवाड़ी भवनों की समीक्षा कर जिन आंगनबाड़ी भवन का कार्य अप्रारंभ है, उन्हें शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए। कलेक्टर ने कहा कि माँ बगलामुखी मंदिर में कानून एवं शांति व्यवस्थाओं को लेकर जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगी है, वे निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित रहे। कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित रहने की दशा में उनके विरूद्ध कार्यवाही होगी। उन्होंने मंदिर परिसर में दर्शन, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था भी सुव्यवस्थित रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने बाबा बैजनाथ लोक निर्माण की समीक्षा कर सावन माह में श्रद्धालुओं की सुविधा अनुसार व्यवस्था के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के विद्यालय एवं महाविद्यालय में बच्चो के जाति प्रमाण पत्र के अभाव में प्रवेश नहीं रोके जाएं। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्रों के आवेदनों को प्राथमिकता देकर निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के जिन स्कूलों एवं आंगनवाड़ी परिसर में विद्युत तार झूले हुए है, तो उसकी सूचना विद्युत विभाग के अधिकारी को देकर उन्हें ठीक करवाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पुलिस, पशुपालन विभाग एवं नगरीय निकायों के समन्वय से गौवंशों के गले में चमकीला रेडियम पहनाएं, जिससे की रात्रि के समय दुर्घटना न हो। उन्होंने स्व-रोजगार योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने भू-अर्जन, आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए।

### लाड़ली बहनों को बचत के लिए प्रेरित करें

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के लाडली बहनों को प्रतिमाह मिलने वाली मासिक आर्थिक सहायता राशि से कुछ राशि बचत के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिये बैंकों से समन्वय कर महिलाओं को बचत करने के लिए जागरूक करें।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को दी समझाइश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



स्थानीय पुलिस द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की चेकिंग कर वाहन चालकों को समझाइश दी गई। सोमवार रात्रि को थाना प्रभारी नागेश यादव के नेतृत्व में पुलिस दल द्वारा दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की चेकिंग की गई। जिसके तहत नाबालिग वाहन चालकों, बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वालों, बिना सीट बेल्ट लगाए चारपहिया वाहन चालकों एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने वालों को रोका गया और उन्हें यातायात नियमों की जानकारी देकर समझाइश दी गई।

यादव ने बताया कि यह चेकिंग अभियान नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया गया है। लेकिन इसके बावजूद यदि भविष्य में इसी प्रकार के उल्लंघन सामने आते हैं तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ चलानी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यतायात नियमों का पालन करना सभी के हित में है। नाबालिगों को वाहन न सौंपने हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल से दूरी बनाए रखने की अपील भी की गई है। इस दौरान प्रधान आरक्षक ललित सारस्वत , आर. पदम शाक्य एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने की नाग पंचमी की पूजा



**नलखेड़ा**। मंगलवार को सावन कृष्ण पंचमी पर नगर की खंडेलवाल, अग्रवाल, माहेश्वरी व मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने नाग पंचमी की पूजा कर ठंडे भोजन का भोग लगाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दिन सभी मारवाड़ी परिवारों के सदस्यों द्वारा ठंडा भोजन ग्रहण किया गया। कई परिवार की महिलाओं ने कचनारिया मार्ग स्थित अलिजा बहादुर देव स्थान पर स्थित नाग मंदिर पर जाकर पूजा अर्चना कर प्रतिमा के समक्ष भोग लगाया गया।

## जिले में अब तक 423.1 मिलीमीटर हुई औसत बारिश



**सीहोर**। जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 31.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 5.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 7.0, आष्टा में 18.0, जावर में 65.0, इछावर में 16.0, भैरूंदा में 66.0, बुधनी में 38.7, रेहटी में 35.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 14 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 423.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 229.6 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 14 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 388.9, मिलीमीटर, श्यामपुर में 360.3, आष्टा में 262.0, जावर में 274.0, इछावर में 372.3, भैरूंदा में 481.0, बुधनी में 625.7 तथा रेहटी में 622.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## जैन आराधना भवन में उत्तराध्ययन सूत्र शास्त्र पर चल रहे प्रवचन

# पुरुषार्थ के बिना हमको सफलता नहीं मिल सकती : रत्ननिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



जीवन में विनय भाव आने के बाद आत्मा का कल्याण निश्चित है। यदि विनय भाव के गुण हमारे जीवन में नहीं होंगे तो हमारी आत्मा अर्हम की उपासना में अग्रसर नहीं हो सकती। हम परमात्मा को तो मानते हैं, लेकिन उनकी कहीं बातों को नहीं मानते हैं। बिना पुरुषार्थ के सफलता नहीं मिल सकती।

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास हेतु विराजित रत्ननिधि श्रीजी ने मंगलवार को जैन आराधना भवन में उपस्थित समाजजनों के समक्ष उत्तराध्ययन सूत्र शास्त्र पर प्रवचन करते हुए यहाँ विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आज हमें परमात्मा की वाणी पर विश्वास क्यों नहीं ? परमात्मा ने जो कहा है वहां हमें करना है, जो किया है वहां करना है लेकिन हम परमात्मा के बताएं मार्ग का अनुसरण न कर अपनी इच्छा का करते हैं।

साध्वीजी ने कहा कि जिनकी चेतना जागृत है, वहां दूसरों के द्वारा किए गए अपकार में भी उपकार को ढूंढ लेते हैं। विनय भाव के गुण यदि हमारे जीवन में है तो हमारी आत्मा अहम की उपासना में अग्रसर होकर केवल ज्ञान केवल दर्शन की प्राप्ति कर सकती है। इसके लिए हमें धर्म का पुरुषार्थ करना होगा बिना पुरुषार्थ के सफलता नहीं मिल सकती है। उन्होंने कहाकि चातुर्मास हमारी आत्मा के कल्याण के लिए सर्वश्रेष्ठ माध्यम है, चातुर्मास में प्रभु भक्ति या संसार की आशक्ति क्या चाहिए, यह हमें तय करना है। सांसारिक भौतिक सुखों के पीछे हम भाग रहे हैं, लेकिन इस संसार में सुख नहीं है। सुख चाहिए तो परमात्मा की आज्ञा को मानते हुए धर्म आराधना करें। जीवन में आशक्ति कम करोगे तो प्रभु भक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि देवी - देवता भी जिस मनुष्य भव को प्राप्त करने के लिए लालायित रहते हैं, ऐसा दुर्लभ मानव भव हमें प्राप्त हुआ है। इसी मनुष्य भव में परम पद (मोक्ष) की प्राप्ति की जा सकती है। इसलिए इस मनुष्य भव का सदुपयोग कर इसे धर्म तथा परोपकारी कार्यों में लगाएं। साध्वी पुण्य निथि म.सा. मैं कहा कि हमारे ऊपर मां, महात्मा, परमात्मा इन तीन का उपकार रहा है। मां का उपकार तो हम जीवन भर नहीं उतार सकते हैं। महात्मा हमें युवावस्था में संभालते तथा अच्छे संस्कारों से संस्कारित कर हमें अच्छे विचार देते हैं। गुरु ही है जो हमे परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करवाते हैं। वहीं परमात्मा हमें सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं, जो परमात्मा के मार्ग पर चलते हैं वहां भी एक दिन परमात्म पद की प्राप्ति कर सकते हैं।

# पहले सोमवार को सजाया फूल बंगला हजारों कांवड़ियों ने किया जल से अभिषेक

### सुबह से ही शिव मंदिरों में लगी रही श्रद्धालुओं की कतार



**सीहोर**। हर साल की तरह जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर सावन के हर सोमवार पर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए फूल बंगला सजाया जा रहा है। इस परम्परा को आगे बढ़ते हुए इस बार भी हजारों श्रद्धालुओं के दर्शन किए और शहर के सीवन नदी तट से लेकर आए जल से भगवान शिव का अभिषेक किया। सुबह से ही यहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे और कंकर-शंकर की पूजा अर्चना की। शहर के पांच स्थानों पर किया जा रहा कुबेरेश्वरधाम पर जाने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत और प्रसादी का वितरण। इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा ने बताया कि शहर के सीवन तट से कावड यात्रियों के लिए समिति की ओर से एक पंडाल के अलावा श्री राधेश्याम विहार कालोनी, इंदौर नाके, सोया चौपाल आदि पर चाय-पानी, नश्ते और फलहारी खिचड़ी की व्यवस्था की गई है। यहां पर विश्राम करने के लिए वाटर फूरप पंडाल लगाए गए है और यात्रा के दौरान कावड यात्री यहां पर ठहरने के बाद अपनी यात्रा पर निकल जाते हैं। करीब 11 किलोमीटर तक निकाली जाने वाली यात्रा में सावन के पहले सोमवार पर श्री राधेश्याम विहार कालोनी परिवार की ओर से करीब क्विंटल खिचड़ी, चाय, केले के अलावा पानी के पाउच आदि का वितरण किया गया। वहीं विठलेश सेवा समिति की ओर से शहर के मार्ग पर बनाए पंडाल पर पूज्य गुरुदेव की माताश्री ने फलों का वितरण किया।

इधर कुबेरेश्वरधाम पर सोमवार को सुबह पांच बजे से ही भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया गया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ में मौजूद पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में सुबह 10 बजे बाबा की पूजा अर्चना के पश्चात यहां पर आए करीब 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को करीब 10 क्विंटल से अधिक फलहारी प्रसादी का वितरण किया।

### चांदी पहुंची 1.11 लाख पर, सोने के दाम भी बढ़े

**सीहोर**। चांदी के दाम अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं। शनिवार को चांदी 2400 रुपए महंगी होकर 1 लाख 11 हजार रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। यह अब तक का ऑल टाइम हाई रेट है। इस महीने के 12 दिनों में चांदी 5 हजार रुपए महंगी हो चुकी है। 1 जुलाई को इसका भाव 1 लाख 6 हजार रुपए प्रति किलो था। इस साल की शुरुआत से अब तक चांदी 21,700 रुपए प्रति किलो महंगी हो चुकी है।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सीहोर**। वर्षा ऋतु में होने वाली जलजनित बीमारियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और दूषित जल से होने वाले रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाएं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध जल का उपयोग करने एवं जलजनित रोगों से सुरक्षा के लिए सलाह दी गई है। दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। एडवाइजरी में कहा गया है कि रोगों से बचने के लिए सावधानियाँ और सुरक्षा उपाय अपनाकर स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित करें।

## दिगंबर जैन समाज के चातुर्मास में प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन जारी

# सुसंस्कारों से महकता है सबका जीवनः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





सुसंस्कार वहां सुगंध है, जिससे अपना तथा दूसरों का जीवन महकता है। सुसंस्कारों के निर्माता हमारे माता-पिता, गुरु-जन होते हैं। आज की युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में बही जा रही है जिससे उनके नैतिक मूल्यों का पतन होता जा रहा है। धन पैसा तो समाप्त हो जाएगा लेकिन संस्कार जीवन के अंतिम क्षणों तक यहां तक की आपके जाने के बाद भी अमिट रूप से महकते रहेंगे।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास के लिए विराजित मुनिश्री विवर्धन सागर महाराज व मुनिश्री विश्व नायक महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही। मुनिश्री ने कहाकि जो माता-पिता, गुरू-जन अपने बच्चों को सुसंस्कार नहीं देते हैं वे उनके तथा समाज के शत्रु बन जाते हैं। आज युवा पीढ़ी के सम्यक विकास के लिए नैतिक धर्म संस्कारों की आवश्यकता है। आज की युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में भटक रही है, जिससे उनके नैतिक मूल्यों का पतन होता जा रहा है।

**दुनिया में वहां खुशनसीब है जिन्हें गुरु का सानिध्य मिलता है:** मुनिश्री ने कहाकि आधुनिकता की आड़ में संस्कारों का ह्मस होता जा रहा है। दुनिया में वहां खुशनसीब है जिन्हें माता-पिता गुरु, संत जनों से सत्कर्तव्य बोध के धार्मिक सूत्र मिलते हैं। जिनको प्राप्त कर वे आजीविका प्राप्ति में ही नहीं, बल्कि देश-राष्ट्र, समाज के कल्याण के साथ-साथ आत्म कल्याण के क्षेत्र में अग्रसर होते हैं। मुनिश्री ने कहाकि धार्मिक, नैतिक संस्कार ही आपके संपूर्ण जीवन की पूंजी बन जाएंगे,लौकिक पूंजी (धन -पैसा) तो फिर भी समाप्त हो जायेगी पर ये संस्कार जीवन के अंतिम क्षणों तक और आपके जाने के बाद भी स्मृति बन अमिट रूप से महकतें रहेंगे।

मुनिश्री ने कहा कि हमारे मन में परमात्मा,जिनवाणी व गुरुओं के प्रति श्रद्धा एवं समर्पण होना चाहिए। तभी हमारा यह मानव भव प्राप्त करना सार्थक होगा। उन्होंने कहा कि साधकों को भाग्यवादी नहीं, पुरुषार्थवादी होना चाहिए। पुरुषार्थ से भाग्य का निर्माण होता है। जो व्यक्ति भाग्य के भरोसे बैठे रहते हैं, वह मूर्ख कहलाते हैं, कायर कहलाते हैं। हम वीर साधक हैं, अपने भाग्य का स्वयं निर्माण करें। हाथ की लकीरें तो बनती - मिटती है। अतः लकीरों पर नहीं, कर्म सिद्धांत पर श्रद्धा करो। उन्होंने कहा कि आप जैसा-जैसा कर्म करोगे, वैसा - वैसा फल पाओगे। पुण्य करोगे तो पुण्य रूप सुख, शांति, उपलब्धियों, सफलताओं से भर जाओगे। पाप करोगे तो पाप रूप दुख, अशांति, पतन, पतितता से भरोगे। जो पुरुषार्थ करता जीवन में वही आगे बढ़ता है। साधक तो स्वावलंबी, स्वतंत्र होते हैं। इसीलिए वे पुरुषार्थवादी कहे जाते हैं। वे ही धर्म पुरुषार्थ से मोक्ष पुरुषार्थ को सिद्ध करते हैं।

### बड़ी संख्या में समाजजन ले रहे भाग

मुनिश्री के दिगंबर जैन मंदिर चौक बाजार पर प्रतिदिन प्रातः 8:45 से 9:45 तक धार्मिक प्रवचन चल रहे हैं जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे है। वहीं रात्रि में आनंद यात्रा का कार्यक्रम भी हो रहा है।

खबर संक्षेप

## चालानी कार्रवाई कर राजस्व वसूला



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार देवास जिले में परिवहन विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान एवं परिवहन विभाग दल द्वारा मक्सी रोड पर संचालित होने वाली यात्री बसों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेजों जैसे परमिट , फिटनेस , बीमा , पीयूसी रजिस्ट्रेशन आदि की जाँच की गई। साथ ही वाहनों में अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन द्वार , बीएलटीडी इत्यादि है अथवा नहीं इसकी जाँच की गई । जाँच में दो यात्री बसे बिना परमिट संचालित होते पाई गई , जिन पर चालानी कार्रवाई की गई । इसी प्रकार अन्य वाहनों में भी जाँच करने पर कमियाँ पाई जाने पर चालानी कार्रवाई की जाकर 06 वाहनों से 32 हजार का राजस्व वसूला गया।
वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन अधिकारी द्वारा समस्त स्कूल बस संचालको एवं यात्री बस चालको से अपील की है कि वर्षाकाल में यात्री बसों का संचालन सावधानीपूर्वक करें अनावश्यक रेसिंग ना करें तथा पुल - पुलियाओं पर जल भराव होने की स्थिति में वाहन पार ना करें। चौहान द्वारा बताया गया कि जांच अभियान निरन्तर जारी रहेगा, जिसमे नियमित विरुद्ध संचालित वाहनों के विरुद्ध चालानी / जप्ती संबंधी कार्रवाई की जायेगी ।

### जनसुनवाई में जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर पहुंचे थे पति-पत्नी

# कलेक्ट्रेट की छत से पत्नी ने कूदने का किया प्रयास, पुलिस जवानों ने बचाया

### आवेदक ने बताया कि जमीन के पुराने दस्तावेजों से छेड़छाड़ की गई है, जमीन की रजिस्ट्री तहसीलदार और पटवारी की मौजूदगी में करीब एक साल पहले करवाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई के दौरान एक महिला ने कलेक्टर ऑफिस की छत से कूदने की कोशिश की। पुलिस की सक्रियता से महिला की जान बच गई। पुलिस जवान दौड़कर छत पर पहुंचे और उसे बचा लिया। महिला अपने पति के साथ जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंची थी।दरअसल प्रति मंगलवार को कलेक्टर द्वारा ली जाने वाली जनसुनवाई में हाटपिपल्या की रहने वाली आशा बाई पति धर्मेंद्र बागरी के साथ पहुंची।

आशा का कहना है कि उसकी जमीन किसी और को फर्जी तरीके से दे दी गई है। वे कई महीनों से कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दे रहे हैं, लेकिन अब तक किसी स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। सुनवाई नहीं होने पर महिला ने आत्मदाह की भी धमकी दी।आशा के पति धर्मेंद्र बागरी ने जमीन संबंधी शिकायत कई बार जनसुनवाई में की। लगातार एक वर्ष से कई बार आवेदन दे चुके हैं ।2024 में कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया था कि दादी नबी बाई की जमीन पर किसी ने फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करवा ली है। 16 बीघा यह जमीन हाटपिपल्या में है। दादी का निधन साल 2014 में हो गया था। इसके बाद धर्मेंद्र रोजगार के लिए गुजरात चला गया।जब धर्मेंद्र लौटा तो पता चला कि उसकी दादी की जमीन किसी और के नाम पर हो गई है। धर्मेंद्र ने बताया कि जमीन के पुराने दस्तावेजों से छेड़छाड़ की गई है।जमीन की रजिस्ट्री तहसीलदार और पटवारी की मौजूदगी में करीब एक साल पहले करवाई गई थी, जबकि दादी की मृत्यु कई साल पहले हो चुकी थी।धर्मेंद्र ने बताया कि अब अधिकारी इस जमीन को शासकीय भूमि बता रहे हैं। मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन 181 पर भी की थी, लेकिन 10 महीने बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ है। तहसील कार्यालय अब इस जमीन को बागली क्षेत्र में दिखा रहा है, जबकि असली जमीन हाटपिपल्या में ही है।मेरे पास जमीन के सभी पुराने दस्तावेज मौजूद हैं। मेरी गैरमौजूदगी में कुछ लोगों ने दस्तावेजों में बदलाव कर जमीन पर कब्जा कर लिया है।मामले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि यह हाटपिपलिया तहसील का बहुत ही पुराना और पेचिदा मामला है, जिसमें आवेदक को वर्ष 1960 के आसपास एक पट्टा जारी किया गया था। उनके द्वारा उस पर काबिज नहीं रहा गया। उसी खसरे नंबर पर आईटीआई का निर्माण करीब 30 वर्ष पूर्व किया गया है। आवेदक उस खसरा नंबर पर पट्टे का क्लेम कर रहे हैं। उस संबंध में पूर्व में निर्देश जारी किए गए थे इसमें जांच की गई है। तहसीलदार द्वारा जांच करने के उपरांत एसडीएम को प्रकरण दिया गया था। इस प्रकरण में फिलहाल सुनवाई चल रही है। इनके द्वारा जो पट्टा रहा उस



पर ये कभी काबिज नहीं रहे हैं। किंतु इनका पट्टा है जिस पर आईटीआई बन गया है। आवेदकों का किस प्रकार से समाधान किया जा सकता है इस पर विचार किया जा रहा है। आगे जल्द से जल्द निराकरण करेंगे।

# कालीसिंध नदी के पुल पर लगी क्षतिग्रस्त रैलिंग से ग्रामीणों को हादसों का अंदेशा

### पुल पर से गुजरते हैं सैकड़ों वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

बागली जटाशंकर मार्ग पर स्थित काली सिंध नदी का पुल वर्षों पुराना है। पुल की चौड़ाई काफी कम है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से पुल पर लगी रेलिंग क्षतिग्रस्त हो चुकी है,एंव आधे हिस्से में रेलिंग नहीं होने के कारण हादसे का अंदेशा हमेशा बना रहता है। बता दे की प्रसिद्ध जटाशंकर तीर्थ स्थल पर सावन माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, यहां से कावड़ यात्रा का भी आयोजन होता है, लेकिन किसी भी जिम्मेदार ने इस और ध्यान नहीं दिया। सावन माह को ध्यान में रखते हुए यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उक्त पुल पर रेलिंग तक नहीं लगाई गई। वहीं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते नवीन पुल का निर्माण नहीं हो सका, जिसके कारण आज भी सकरे एवं बदहाल पुल के ऊपर से ही जटाशंकर, डेरी, बोरी सहित अन्य गांव के लोगों को इसी पुल से गुजरना पड़ता है। जटाशंकर तीर्थ स्थल के साथ ही अन्य कई गांव इस मार्ग से जुड़े हुए हैं। इस मार्ग से छोटे , बड़े वाहन भी गुजरते हैं, लेकिन शासन प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों को इसकी कोई परवाह नहीं है। जबकि सभी को ज्ञात हैं, कि सावन माह में जटाशंकर तीर्थ स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश गुप्ता ने बताया कि बागली जटाशंकर मार्ग पर स्थित उक्त पुल अत्यंत प्राचीन व सकरा हैं जिसके कारण आवागमन में दिक्कतें आ रही है। यह मार्ग तीर्थ क्षेत्र जटाशंकर व कांटाफोड से जुड़ा होने के कारण प्रतिदिन सैकड़ों वाहन उक्त पुल पर से गुजरते हैं, जहाँ लगातार खतरा बना हुआ है, ऐसे में यहाँ पर बड़े ब्रीज के निर्माण की आवश्यकता है। क्षेत्र के लोग पिछले पांच दशक से यहाँ पर नवीन पुल निर्माण की मांग करते आ रहें हैं, लेकिन अभी तक किसी ने भी इसकी सुध नहीं ली। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ने बताया कि उक्त स्थान पर नवीन पुल निर्माण के लिए टेंडर हो चुके हैं। लोक निर्माण विभाग बागली के एसडीओ के सी तंवर ने बताया पुल के नव निर्माण के टेंडर नंदनी कंट्रक्शन भोपाल का खुला है। बारिश पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## पाम के वृक्षों का संस्था समर्पण ने वृद्धाश्रम में किया रोपण



**देवास।** सावन माह के पावन अवसर पर संस्था समर्पण द्वारा वृद्धा आश्रम में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आश्रम परिसर में 10 फीट लंबे फ़ॉक्सटेल पाम के वृक्षों का रोपण किया गया। ये वृक्ष मुख्य द्वार से लेकर आश्रम परिसर तक बड़ी संख्या में लगाए गए, जो न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी हैं, बल्कि आश्रम की सुंदरता में भी चार चाँद लगा रहे हैं। इस अवसर पर संस्था समर्पण के सदस्य मदन सिंह धाकड़, आरएसएस से प्रकाश व्यास, विकास गिरी, अनंत जोशी, वृद्धा आश्रम के संचालक दिनेश चौधरी, राजदीप धाकड़, कुलदीप धाकड़, गब्बर धाकड़, धर्मेंद्र बकोरिया, अजय नागर, रोहित नागर सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण फैलाना और बुजुर्गों को स्वच्छ, हरित वातावरण उपलब्ध कराना रहा। संस्था के सदस्यों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

## भाजपा ने मनाई पुर्व मुख्यमंत्री स्व. जोशी की जन्म जयंती

**चापड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष,राजनीति के संत स्व. कैलाश जोशी की जन्म जयंती बागली विधानसभा अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह जगह कार्यक्रम आयोजित कर मनाई। इस दौरान बागली के थाना चौराहे पर जटाशंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव की उपस्थिति में कैलाश जोशी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई एवं पौधारोपण किया गया। ग्राम पंचायत उदयनगर पर श्रद्धा सुमन अर्पितन कर जोशी की जयंती मनाई गई। सोमवार को बड़ी संख्या में उदयनगर और बागली क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जहां पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, नप. अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, सुनील पुरोहित आदि ने श्रध्दांजलि अर्पित की। बागली में आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, मुकेश गुप्ता, प्रविण चौधरी, कमल यादव, सूर्य प्रकाश गुप्ता, चंदन नटेरिया आदि उपस्थित रहे।



# अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला अभिभाषक संघ के नोटरी अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर जिला न्यायालय देवास में जिला अभिभाषक संघ के सभापक्ष में बैठक आयोजित की गई। संघ अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि, जिला अभिभाषक संघ के सभा कक्ष में सर्वप्रथम नोटरी अधिवक्ताओं की बैठक में पधारे वरिष्ठ नोटरी अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार पांडे, ए आर शेख, राजेंद्र खनूजा वकार अहमद नकवी, साधना काले, संघ अध्यक्ष अशोक वर्मा ,उपाध्यक्ष पंकज पांडिया ,उपाध्यक्ष गीता शर्मा, सचिव अतुल कुमार पंड्या, कोषाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह तोमर एवं पुस्तकालय सचिव श्वेतांकराज शुक्ला ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

उसके पश्चात बैठक में संघ अध्यक्ष अशोक वर्मा द्वारा सभी नोटरी अधिवक्ताओं को नोटरी एक्ट एवं रूल्स दिए गए व अपने उद्बोधन में नोटरी एक्ट व रूल्स के संबंध में जानकारी दी। वरिष्ठ



अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार पंड्या ,ए आर शेख, शैलेंद्र पवार, राजेंद्र सिंह खनूजा ने नोटरी अधिवक्ता की समस्याओं को लेकर अपने उद्बोधन दिए बैठक में निर्णय पारित किया गया कि बाहरी नोटरी अधिवक्ता या उसका कोई कर्मचारी शहर में नोटरी का कार्य नहीं करेगा। कोई भी नोटरी अधिवक्ता अपना रजिस्टर किसी अन्य को कार्य करने के लिए नहीं देगा। नोटरी अधिवक्ता अपनी गरिमा बनाए रखते हुए कलेक्ट्रेट के बाहर नहीं बैठेंगे और सर्विस प्रोवाइडर नोटरी संबंधित कार्य का बोर्ड नहीं लगाएगा। नोटरी अधिवक्ताओं की फीस बढ़ाने के लिए जिला अभिभाषक संघ देवास मध्य प्रदेश शासन को पत्र लिखने व निर्माणाधीन कलेक्टोरेट के सामने बैठे सर्विस प्रोवाइडर व अन्य लोग दलाली कर रहे हैं एवं भ्रम फैला रहे हैं। उनके खिलाफ भी कलेक्टर को पत्र लिखा जाएगा। इस अवसर पर 98 वरिष्ठ एवं कनिष्ठ नोटरी अधिवक्ता उपस्थित थे। संचालन सचिव अतुल कुमार पंड्या, आभार उपाध्यक्ष पंकज पंड्या ने माना।

# मकानों को नगर परिषद सीमा में शामिल कर आवासीय पट्टे दिए जाने की मांग, ग्राम नेमावर से जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम नेमावर के वार्ड क्रमांक-01 स्थित संत रविदास नगर कॉलोनी के रहवासियों ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एक सामूहिक आवेदन सौंपा। स्थानीय लक्ष्मण धनोरे एवं ग्रामीणों ने बताया कि हमारी आर्थिक स्थिति ठीक नही है, फिर हम 100 से 50 रूपए एकत्रित कर वाहन करके कलेक्टर कार्यालय पहुंचे है। हमारी मांग है कि हमारे आवासीय मकानों को नगर परिषद नेमावर की सीमा में शामिल कर, उन्हें आवासीय पट्टे दिए जाएं, ताकि वे प्रधानमंत्री



आवास योजना जैसी सुविधाओं का लाभ ले सकें। करीब 70 से 80 परिवारों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन में बताया कि वे विगत 40 से 50 वर्षों से इस क्षेत्र में निवासरत हैं और सभी गरीब, भूमिहीन व दिहाड़ी मजदूर हैं। अधिकांश लोगों के मकान कच्चे हैं, जो बरसात के मौसम में गिरने की कगार पर रहते हैं, जिससे जनहानि का भी खतरा बना रहता है। रहवासियों का कहना है कि संबंधित भूमि को गोचर भूमि बताकर उन्हें आवासीय योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा है, जबकि कई अन्य लोगों को पूर्व में लाभ मिल चुका है। इस संबंध में वे स्थानीय नेताओं और अधिकारियों से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। आवेदन में आग्रह किया गया है कि उक्त क्षेत्र को नगर परिषद सीमा में सम्मिलित कर, उन्हें आवासीय पट्टे दिए जाएं जिससे वे अपने कच्चे मकानों को पक्का बना सकें और सरकार की योजनाओं का लाभ पा सकें। इस दौरान राजाराम, हेमराज, महेश, अरूण, अमृत, गिरधारी, गजराज, रामनिवास, सुखराम, शिवप्रसाद, हरिओम, रामदीन, महेश, रमेश, शैतान, शिवप्रसाद, मिश्रीलाल सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### जिले में नशा मुक्ति अभियान की हुई शुरुआत, हाथों में तख्तियां लेकर निकले बच्चे

# बच्चों ने दिया संदेश: हमारा यही संदेश नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश







हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा/भौरासा

प्रदेश सरकार द्वारा 15 जुलाई से नशा मुक्ति अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी के चलते पुलिस विभाग के बैनर तले स्कूली बच्चों के माध्यम से पुलिस थाना कमलापुर और थाना भौरासा अंतर्गत नगर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी उपेंद्र नाहर, पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया की उपस्थिति में चापड़ा में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरुकता रैली में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों सहित नगर के वरिष्ठ जनों ने भाग लिया। कमलापुर थाना अंतर्गत रैली को बागली रोड से प्रारंभ किया गया जो की नगर के प्रमुख को मार्गो से निकाली। स्कूली बच्चों ने बैनर, तख्तियो व नारों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश देते हुए आम जन को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि सरकार के निर्देशन में नशे से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है, और लगातार इसी प्रकार प्रत्येक गांवों में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैलियो का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सभी को नशामुक्ति को लेकर शपथ दिलाई गई। थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर द्वारा शपथ दिलाते हुए, बताया कि नशा विनाश का कारण है, इसके कारण कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। इसलिए युवा पीढ़ी को जागरुक होकर आगे आना होगा। अपने घर, मोहल्ला व गांव में नशा करने वाले लोगों को इससे होने वाले नुकसान के बारे में रहने समझाइश देना चाहिए। रैली में बच्चे हमारा यही संदेश नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश, नशे से दुरी है जरूरी जैसी तख्तियां हाथों में लेकर बच्चे सम्मिलित हुए। इस दौरान नाथूसिंह सेंधव, नागेन्द्र सिंह सिसोदिया, सचिन कश्यप ,मोहन जाट, अर्जुन सेंधव, टोनी जेन व स्कूल स्टाफ सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित रहे।


### जागरूक करना उद्देश्य

भौरासा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रीति कटारे द्वारा नगर में इस जनहितकारी अभियान की प्रभावी शुरुआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करना, युवाओं को रचनात्मक दिशा में प्रेरित करना, तथा जन-सामान्य में नशा विरोधी सोच विकसित करना है। भौंरासा पुलिस ने इस अभियान को एक जन आंदोलन के रूप में स्वरूप प्रदान करने का संकल्प लिया है।

### रैली से दिया जागरुकता का संदेश

भौंरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे व पुलिस स्टाफ के नेतृत्व भौरासा नगर के शासकीय स्कूल के बालक बालिकाओं व नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से रैली निकालकर जागरुकता का संदेश दिया गया। निकाली गई जागरूकता रैली के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नशे के विरुद्ध नारे भी लगाए गए। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा सहित विद्यालय के प्राचार्य,शिक्षक, शिक्षिका सहित नगर पंचायत के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को थाना प्रभारी द्वारा चॉकलेट वितरित की गई।

### बजरंगबली के रूप में किया श्रृंगार...



**भौरासा।** नेवरी फाटे पर स्थित महर्षि कॉमेंट्स स्कूल के पास बने भगवान शिव के मंदिर में सावन के चलते अर्जुन गुर्जर के द्वारा मंगलवार को भगवान शिव का श्रृंगार महावीर बजरंगबली के रूप में किया गया।

## खबर संक्षेप

### माही चंडाले ने जीता सिल्वर मेडल




**आष्टा।** खेल अकादमी की खिलाड़ी माही चंडाले ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।आष्टा, मध्य प्रदेश यूथ स्पोर्ट्स खेलो इंडिया के तहत पूरे मध्य प्रदेश में अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग प्रतियोगिता 13 जुलाई, जिला खेल विभाग चर्च ग्राउंड के पास संपन्न हुई यह प्रतियोगिता पूरे मध्य प्रदेश में सिर्फ इंदौर और सीहोर नगर में हुई।इस प्रतियोगिता में आष्टा खेल अकादमी की खिलाड़ी माही चंडाले ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। माही चंडाले के कोच एवं आष्टा खेल अकादमी के सचिव अशोक साहू ने बताया कि माही ने कड़ी मेहनत करके इतनी जल्दी यहां पदक प्राप्त किया है जबकि उनकी उम्र 13 वर्ष है संस्था से कई बच्चों बच्चों ने खेल के क्षेत्र में देश एवं विदेशों में नाम कमाया है संस्था से 18 बालकों का चयन भारतीय सेना एवं मध्य प्रदेश पुलिस में हुआ है। माही की इस उपलब्धि पर संस्था के सुधीर पाठक, राय सिंह मेवाडा, सतीश रावत, उमेश शर्मा,दिनेश सोनी, प्रमोद शर्मा, सुरेश कुशवाहा, पुष्पेंद्र मालू, गोलू कुशवाहा ,चंदर परमार, सचिन धनगर आदि लोगों ने बधाइयां दी।

### चौथे दिन भी जारी रहा बारिश का दौर

**आष्टा।** सोमवार की भी शुरुआत बारिश से हुई है दिन भर कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश होती रही बारिश से पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया है सोमवार को भी सुबह से रिमझिम बारिश हुई लेकिन 2 बजे से 4 बजे तक झमाझम और तेज बारिश हुई इस कारण खेतों में पानी ही पानी दिखाई दे रहा है, सोमवार 14 जुलाई को सुबह 8 बजे तक बारिश 18 मिलीमीटर कुल बारिश 262 मिलीमीटर हुई। गत वर्ष 206 मिलीमीटर बारिश हुई थी।बता दे की बीते चार दिनों से क्षेत्र में रोजाना रुक-रुक कर बारिश हो रही है बारिश के कारण क्षेत्र के नदी नाले भी तेज बहाव है पार्वती में रात्रि में ज्यादा बारिश के चलते पानी का तेज बहाव देखा गया है साथ ही अन्य नदियों में भी यही स्थिति है इधर ज्यादा बारिश के चलते क्षेत्र के किसान चिंतित भी नजर आ रहे है क्योंकि लगातार बारिश से खेतों में पानी भर गया।

# किताबों और खिलौने से खेलने की उम्र में दर-दर भीख मांग रहा बचपन

**जानकर भी जिम्मेदार बने रहते हैं अनजान** | **सूचना के बाद भी जिम्मेदार कर रहे खानापूर्ति** | **भिक्षावृत्ति के मामले लगातार बढ़ते जा रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





जिन हाथों में किताबें और खिलौने होने चाहिए, वो हाथ इन दिनों शहर की सड़कों, मंदिरों के बाहर भीख मांगते दिखाई दे रहे हैं और तो और दिन प्रतिदिन यह भिक्षावृत्ति के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं वही जिम्मेदार विभागीय अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति के नाम पर रस्म अदायगी कर पल्ला झाड़ लेते हैं। जहां एक ओर बाल संरक्षण आयोग के जिम्मेदार बाल भिक्षावृत्ति को रोकने के तमाम दावे करता है लेकिन धरातल पर बाल भिक्षावृत्ति को रोकने का आयोग का यह दावा नाकाम साबित हो रहा है क्योंकि शहर की सड़कों, चौराहों और धार्मिक स्थलों के बाहर यह बच्चे भीख मांगते आसानी से देखे जा सकते हैं। मध्यप्रदेश में शिक्षा का अधिकार राइट टू एजुकेशन के तहत सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। परन्तु बड़ी संख्या में भीख मांग रहे इन परिवारों के बच्चों तक इसकी किरणें नहीं पहुंच पाई हैं। जिससे पता चलता है कि इन योजनाओं का लाभ ऐसे पात्र बच्चों तक नहीं पहुंच पा रहा है। आपको बता दें की शहर के धार्मिक स्थल खेड़ापति से लेकर शंकर मंदिर, शनि मंदिर, बस स्टेंड, अलीपुर, शुजालपुर बस स्टैंड पर तो ऐसे भीख मांगने वाले बच्चों की बाढ़ सी आ गई है। इनमें झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों की संख्या अधिक होती है। और तो और इंदौर भोपाल बायपास शुजालपुर चौराहे पर दौड़ती बसों, कारों से भीख मांगते समय कभी भी दुर्घटना होने का डर रहता है। परंतु पेट पालने की दौड़ में ऐसे बच्चे अपनी जिदगी पर दांव लगाए हुए हैं। जिसकी और सरकारों को ध्यान देने की अति आवश्यकता है। लोगों की मांग है कि प्रशासन इस ओर ध्यान दें। सरकार सात साल से लेकर 14 वर्ष तक के वंचित बच्चों के लिए भी शिक्षा का अधिकार कानून बनाकर लाई है लेकिन शहर के अंदर बड़ी संख्या में बच्चे भीख मांग रहे हैं।

### एसडीएम ने लिया संज्ञान तो आनन फानन में पहुंचे शिक्षा विभाग के अधिकारी

श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर प्राचीन शंकर मंदिर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं ऐसे में यह भीख मांगने वालों की संख्या भी बढ़ जाती है वही सोमवार को सोशल मीडिया पर शंकर मंदिर के बाहर भीख मांगने वालों मे कई छोटे छोटे नाबालिक बच्चे भी भीख मांगते नजर आए। भीख मांगते हुए किसी ने इनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद एसडीएम नितिन कुमार टाले ने मामले की गंभीरता को भांपते हुए तत्काल शिक्षा विभाग को निर्देश दिए। लिहाजा एसडीएम के निर्देश पर बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत शंकर मंदिर पहुंचे और वह से इन बच्चों सहित इनके परिजनों को पुलिस के सहयोग से भगा दिया। लिहाजा मौजूद लोगों ने कहा कि इन बच्चों को भगाने की बजाय इन्हें पकड़ कर स्कूल भेज इनके हाथों में किताबें पकड़ाए जाय और इनसे भीख मंगवाने इनके परिजनों पर कार्यवाही करनी चाहिए। खेर अब देखना लाजमी होगा कि जिम्मेदार विभाग कब तक इस खानापूर्ति का ढिंढोरा पीट अपनी पीठ थपथपाते हैं।

## सावन माह के पहले सोमवार को शिव भक्तों ने की भगवान की आराधना

# शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी, जमकर गूंज भोले के जयकारे

पूरे सावन महीने में भगवान भोलेनाथ की भक्ति पूजा अर्चना करते हैं श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भगवान शिव की आराधना का महीना सावन शुरू हो चुका है सोमवार को सावन का पहला सोमवार पर शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी सुबह 5 बजे से शिव मंदिरों में भक्तों की कतार देखने को मिली शिव मंदिरों में हर हर महादेव की गूंज सुनाई दी शंकर मंदिर में 10000 से अधिक भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। बता दे की सावन माह की शुरुआत से ही शिव मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर शुरू हो चुका है पूरे सावन महीने में भगवान भोलेनाथ की भक्ति पूजा अर्चना करते हैं लेकिन सोमवार को या संख्या और अधिक बढ़ जाती है सावन के पहले सोमवार पर पार्वती नदी किनारे स्थित प्राचीन शंकर मंदिर में सुबह 5 बजे से ही भक्तों की कतार लग गई जो कि दिनभर कतार लगी रही यहां पर भगवान भोलेनाथ के भक्तों ने कतर में लगकर दर्शन किए इस दौरान मंदिर प्रबंधन प्रबंधन समिति ने भी यहां पर व्यापक इंतजाम किए थे पुलिस बल भी तैनात रहा। मंदिर के बारे में शंकर मंदिर के महंत हेमंत गिरी बताते हैं कि पार्वती तट पर स्थित यहां प्राचीन शंकर मंदिर ऐतिहासिक और दुर्लभ है पार्वती नदी किनारे स्थित प्राचीन एकमात्र यह शिव मंदिर है जहां पर भगवान भोलेनाथ की भक्त पूजा अर्चना करते हैं और भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं यह मंदिर भक्तों की गहरी आस्था का केंद्र है दूर-दूर से भक्त यहां पर पहुंचते हैं आष्टा क्षेत्र ही नहीं देवास, इंदौर ,शाजापुर ,राजगढ़ सहित अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### सावन माह में विशेष भक्ति

पंडित मनीष पाठक बताते हैं कि सावन में सत्संग, प्रवचन ,धर्म ,उपदेश सुनने से काफी फल मिलता है खासकर सावन महीने में पूजा अर्चना का एक विशेष महत्व रहता है सावन माह का प्रारंभ ही आयुष्मान सौभाग्य योग में हुआ है सावन का दूसरा सोमवार 21 जुलाई को, तीसरा 28 जुलाई को और चतुर्थ चौथा 4 अगस्त को अंतिम सोमवार को सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। दरअसल आष्टा क्षेत्र में तीन प्राचीन और धार्मिक स्थान है पहले पार्वती नदी किनारे स्थित प्राचीन शंकर मंदिर दूसरा भंवरा में इलाही माता मंदिर और तीसरा जावर के पास बिलपान में स्थित देववल्ला जहां नवरात्रि में भंवरा में इलाही माता मंदिर में भक्तों की भीड़ में रहती है तो वहीं सावन माह में शंकर मंदिर और देवबंदला में सावन के पहले सोमवार पर देवबंदला में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



## समाज अध्यक्षों का सम्मान और त्योहारों को लेकर बैठक में की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आगामी हिंदू त्योहारों को सुव्यवस्थित एवं सामूहिक रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से हिंदू उत्सव समिति आष्टा द्वारा एक गरिमामय समारोह का आयोजन गीतांजलि गार्डन में किया। आयोजन व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई, जिसके पश्चात नवगठित सकल हिंदू समाज के अध्यक्षों का पारंपरिक सम्मान साफा पहनाकर एवं अपर्णा भेंट कर किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से अनिल श्रीवास्तव एवं नरेंद्र कुशवाह को सम्मानित किया गया। व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर ने बताया कि पूरा व्यापार महासंघ आपका हे हमारी जहां जरूरत होगी आपके साथ खड़े हे। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव,एवं नरेंद्र कुशवाह ने भी सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।इस अवसर पर सभी ने संबोधित करते हुए सर्व प्रथमसेंधव समाज अध्यक्ष कुमैरसिंह जीठाकुर साहब ने समाज को पिछली परंपराओं को याद कर पुनः संगठित होने पर बल दिया ।जिला जनपद उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई,एवं खाती समाज के प्रमुख पत्रकार बी एस वर्मा अधिवक्ता ने अपनी ओजस्वी वाणी में सभी का स्वागत कर बधाई दी। सभा को मनोहरलाल विश्वकर्मा,मुकेश नामदेव,महेश जाट, राजीव पवार इत्यादि अध्यक्षों ने भी संबोधित किया।समारोह में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्री कालू भट्ट ने अपने उद्बोधन में आगामी त्योहारों, जैसे श्रावण मास, जन्माष्टमी, गणेश उत्सव आदि की तैयारी और आयोजन की रूपरेखा सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने समाज के सहयोग से त्योहारों को मिलजुल कर भव्य रूप में मनाने का आह्वान किया। समापन सहभोज के साथ हुआ, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, व्यापारी व समिति पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी कर रहे ठेकेदार पर हुई कार्रवाई

**हरिभूमि की खबर के बाद बिजली कंपनी ने बनाया पंचनामा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर


कंपनी के जिम्मेदारों को नहीं जानकारी, चोरी की बिजली से किया जा रहा मांगलिक भवन का निर्माण

खबर का असर

अहमदपुर के चरनाल जोड़ पर मांगलिक भवन का निर्माण का कार्य किया जा रहा था। जिसमे बिजली पोल से पोल से तार डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। जिसको लेकर हरि भूमि के समाचार पत्र द्वारा सोमवार को प्रमुखता से बिजली चोरी की खबर को प्रकाशित की गई थी। खबर प्रकाशित होने के बाद अहमदपुर विद्युत वितरण कंपनी अधिकारी हरकत में आए और पोल से बिजली चोरी के तार हटाए गए। मध्य क्षेत्रीय विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी शिवराम सिंह से जब संपर्क किया गया तो उन्होने बताया की मामला संज्ञान में आने के बाद संबंधित ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। इसके बाद ठेकेदार के द्वारा ऑनलाइन बिजली कनेक्शन का आवेदन कर दिया गया है। इसलिए बिजली कनेक्शन को पुन चालू किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों को मामला संज्ञान में दे दिया गया है। बिजली चोरी को लेकर कार्रवाई की गई है। ठेकेदार द्वारा ऑनलाइन कनेक्शन के लिए आवेदन किया था कनेक्शन जारी कर दिया है। बिजली कंपनी के जेई शिवराम सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद पंचनामा बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दिया गया है। ठेकेदार द्वारा आवेदन होने पर ऑनलाइन कनेक्शन जारी कर दिया गया है पोल से बिजली चोरी को लेकर आगे की करवाई जारी है।

## पवन यादव अहीर समाज के अध्यक्ष निर्वाचित



**आष्टा।** नगर में यादव (अहीर) समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक बाबा कारस देव के स्थान पर आयोजित की गई, जिसमें समाज के सभी वरिष्ठजनों एवं गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में पवन यादव को सर्वसम्मति से एक बार फिर समाज का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रेमचंद यादव, सूरज यादव, कैलाश यादव, गुड्डा यादव, नंदकिशोर यादव, संदीप यादव, डॉ. बी.एस. यादव, पंकज यादव, पूर्व पार्षद संजू यादव, दिलीप यादव, शेर यादव सहित समाज के अनेकों वरिष्ठजन उपस्थित रहे।सभी सदस्यों ने पवन यादव के कार्यों की सराहना करते हुए पुनः अध्यक्ष पद पर चुने जाने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। बैठक में समाज की एकता, युवाओं के मार्गदर्शन, सामाजिक कार्यक्रमों के संचालन एवं विकास की दिशा में आगे बढ़ने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर पवन यादव ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी वर्गों को साथ लेकर समाजहित में निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। उन्होंने युवाओं को जोड़ने, शिक्षा को बढ़ावा देने एवं पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।कार्यक्रम का समापन सामूहिक जयकारों के साथ हुआ। समाज में इस पुनर्निर्वाचन से उत्साह का वातावरण व्याप्त है।

# श्री नवरत्न गजानंद मंडल ने अध्यक्ष पद पर सुनील परमार को किया नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री नवरत्न गजानंद मंडल ने वर्ष 2025-26 के लिए अपने नए अध्यक्ष की घोषणा करते हुए सुनील परमार को सर्वसम्मति से मंडल का अध्यक्ष घोषित किया। मंडल की विशेष बैठक में यह निर्णय लिया गया, जिसमें शहर के प्रमुख समाजसेवी एवं मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक में विशेष रूप से दलप्रसाद कुशवाह, नरेंद्र कुशवाह, भगीरथ कुशवाह, शैलेन्द्र जैन, विनोद जायसवाल, कैलाश कुशवाह, मुकेश पटेल, दिनेश, बल्मुकुंद कुशवाह, मुकेश बड़ला, राजेन्द्र विश्वकर्मा, महेन्द्र ठाकुर, विजय टेलर, महेन्द्र सोनी, रवि कुशवाह, राकेश राठौर, बंटी महाडिक, बिल्लू सेन, मोंटू गोरी, राहुल कुशवाह, हिमांशु बड़ा, आनंद, लोकेश, हीरा, निखिल, गोलू, विवेक, ऋषि, राज सहित मंडल के सभी सक्रिय सदस्य।नए अध्यक्ष को बधाई देते हुए सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि सुनील परमार के नेतृत्व में मंडल सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

**इंद्रदेव की उपस्थिति में अरिहंतपुरम मंदिर में हुई चातुर्मास कलश स्थापना**

# ‘बारह भावनाओं और अनुप्रेक्षाओं का चिंतन करने से वैराग्य उत्पन्न होता है’

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




।जब इस संसार पर दृष्टि पड़ती है तो ऐसा प्रतीत होता है यदि श्रावक अपने जीवन में बारह भावनाओं, अनुप्रेक्षाओं, आत्म तत्वों का चिंतन करे तो वैराग्य को हृदय में धारण कर सकते हैं, जितने भी अरिहंत, पंच परमेष्ठि,व्रती, वैरागी हुए उन्होंने अपने जीवन में वैराग्य को उत्पन्न कर अपनी आत्मा का कल्याण किया। अरिहंतपुरम आष्टा के मूलनायक श्री 1008 चंद्रप्रभु भगवान जिन्होंने सोलह कारण भावना को अपने जीवन में अंगीकार करके तीर्थंकर प्रकृति का बंध किया, यदि जीवन में बारह भावना का चिंतन नहीं है समझ लेना चाहिए कि अभी आपका धर्म प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि श्रावक चिंतन करे तो संसार से पार हो सकता है, यदि चिंता करे तो संसार में ही फंसा रहेगा।

उक्त बातें नगर के चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत पुरम अलीपुर में चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कही। आपने चिंतन और चिंता में अंतर बताते हुए कहा कि चिंता संसार का और चिंतन निर्वाण का कारण है, छह खंड के अधिपति चक्रवर्ती ने भी अपने जीवन में बारह भावनाओं और अनुप्रेक्षाओं का चिंतन करके वैराग्य को उत्पन्न किया। वहीं श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान आचार्य विनिश्चय सागर मुनिराज के शिष्य मुनिश्री सानंद सागर जी ने कहा आचार्य समंतभद्र स्वामी का श्रावकाचार्य का स्वाध्याय नित्य करना चाहिए। श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान जीवन में एक बार स्वयं अवश्य कराएं, अपेक्षा रखकर नहीं। यह विधान आपको, नगरवासियों व क्षेत्र वासियों को बहुत आगे ले जाएगा। शक्ति के अनुरूप दान, त्याग,तपस्या अवश्य करें। कलश स्थापना की भावना अवश्य भाए। आचार्य समंतभद्र स्वामी एक राजा के पुत्र थे, अनेक ग्रंथों को लिखा। आपको अपार ज्ञान था, मंत्र, तंत्र क्रिया सहित संस्कृत आदि का ज्ञान भी था। पंडित टोडरमल जंगलों में मुनि के दर्शन हेतु भटके लेकिन दर्शन नहीं हुए।पहले के लोगों को मुनियों के दर्शन दुर्लभ थे,आप लोग भाग्यशाली हैं कि आपको आए दिन मुनिश्री के दर्शन होते रहते हैं। मुनिश्री ने कहा आचार्य समंतभद्र स्वामी ने स्वयंभू स्तोत्र लिखा।

रत्ना कार श्रावकाचार्य ग्रंथ लिखा। पक्षियों की भाषा में भी आपने उपदेश दिए। दक्षिण में आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के प्रति लोगों में अपार वात्सल्य है। उन्होंने अन्य भाषाओं को सीखा। आज भी भारत सोने की चिड़ियां है।ठगियों की टोली के हाथ में भारत है,सीट स्थायी नहीं। लक्ष्मी कभी किसी की नहीं हुई। जिसके पास धर्म और सहज, सरलता है उसके पास लक्ष्मी ठहरती है। लक्ष्मी चंचल है। सप्त व्यसनी की समाज में कोई इज्जत नहीं। आपकी दशा और दिशा बदलना चाहते, ताकि आपका भविष्य उज्जवल हो।चौबीसी भगवान एक समान है। कोई अच्छा बुरा नहीं कर सकता है।आपका पुरुषार्थ अच्छा है तो अच्छा ही होगा। कर्म उदय से झगड़ा होता है। सरल,सहज ही धर्मात्मा होगा,छल, कपट, मायाचारी वाला नहीं। धर्मोपदेश से पुण्य आश्रव का बंध होगा। समय की कीमत समझें।

# देशलहरा बने कृषि उपकरण विक्रेता संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के प्रतिष्ठित युवा व्यवसायी वीरेंद्र देशलहरा को एक बार फिर सर्वसम्मति से कृषि उपकरण विक्रेता संघ का अध्यक्ष चुना गया। यह निर्णय शीतल स्वीट्स पर आयोजित संघ की वार्षिक साधारण सभा में लिया गया। वीरेंद्र देशलहरा को दोबारा मिली ज़िम्मेदारी सभा के मुख्य बिंदु के रूप में नवीन कार्यकारिणी के गठन पर विस्तार से चर्चा की।

देशलहरा को पुष्पहार पहनाकर, मिठाई खिलाकर बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ₹यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है। मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा से संघ के हित में कार्य करता रहूंगा। कार्यक्रम में सदस्यों में कमलज पाटीदार, ललित पाटीदार, विजय उदेनिया, नरेंद्र जैन, जावेद, अशोक पाटीदार, प्रकाश पाटीदार, धर्मेंद्र पाटीदार, दिनेश पाटीदार, अखिलेश अजवानी, राजा ताम्रकार, सुनील भगवान, रवि पाटीदार, दीपक पाटीदार, रमेश पाटीदार, राजूजी जैन, गुड्डा सोनी, गौरव वोहरा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक मण्डल द्वारा किया गया।

उपस्थित सदस्यों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्णयों में भाग लिया। सभा का समापन संघ की एकता, व्यापारिक सहयोग और पारस्परिक विश्वास की भावना के साथ हुआ। देशलहरा के पुनः अध्यक्ष बनने पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, सौरभ रूनवाल, पवन रांका, दिलीप वशिष्ठ, तरुण चतुर्मुथा, दिनेश सुराणा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी।

भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# सामूहिक अवकाश लेकर मुख्यालय पहुंचा जिले की आंगनबाड़ियों का अमला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की विभिन्न आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ियों में कार्यरत सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं सालों से अपनी जायज मांगों को लेकर शासन, प्रशासन से गुहार लगा चुकी हैं। कई बार सौंपे गए ज्ञापन, धरना, प्रदर्शन आदि के बाद भी जब कोई निष्कर्ष निकला तो शनिवार को जिले की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं सामूहिक अवकाश लेकर मुख्यालय पर एकत्रित हुईं।

यहां सभी ने अपनी वर्षों से लंबित मांगों को लेकर पहले जमकर नारेबाजी की। इसके उपरान्त प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अनिल शर्मा को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं का यह प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। ज्ञापन में भी उन्होंने शासन से आगृह किया है कि चयनित बिन्दुओं के मांगपत्र पर विनम्रतापूर्वक विचार कर मांगों को पूरा किया जाए।

## प्रमुखता से रखी नियमितीकरण की मांग

उक्त ज्ञापन में नियमितीकरण की मांग को प्रमुखता से रखा गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि महिला बाल विकास विभाग के अधीन कार्यकर्ता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के लिए एक नीति बनाकर सभी राज्यों में नियमित करते हुए उनका वर्ग निर्धारित किया जाए। इसके साथ ही सभी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं हेतु एक न्यूनतम पेंशन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए ताकि वे सेवानिवृत्ति उपरान्त किसी के ऊपर आश्रित न रहें और बुढ़ापा अच्छी से कट सके। जो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 10 वर्ष का अनुभव रखती है और पर्यवेक्षक के लिए सभी अहर्ताएं पूर्ण करती हैं उनको आयुसीमा का बंधन हटाते हुए पर्यवेक्षक पद पर पदोन्नति दी जाए।

## अन्य विभागों के काम में न सौंपे जाएं

शासन के विभिन्न विभागों से जुड़े हुए कार्य अक्सर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के भरोसे छोड़कर उन्हें जिम्मेदारी उठाने के आदेश जारी कर दिए जाते हैं। ज्ञापन में मांग रखी गई कि कार्यकर्ता और सहायिकाओं के विभागीय कार्यों के अतिरिक्त किसी भी अन्य विभाग के कार्य में उनकी ड्यूटी न लगाई जाए। अन्य कार्यों में संलग्न रहने से हमारी विभागीय सेवाएं प्रभावित होती हैं। विशेषकर बीएलओ का कार्य उन्हें न दिया जाए।

## यह भी रखी मांगें

उक्त मांगों के अलावा सभी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को किसी अन्य विभाग की नियुक्ति परीक्षा में अतिरिक्त अंक दिए जाने का प्रावधान करने, विगत 18 सालों से एक ही प्रकार का टीएचआर प्रदान किया जा रहा है उसमें बदलाव करने, पोषण टेकर एप में फेस केप्चर के माध्यम से जो टीएचआर वितरण कराया जा रहा है, उसमें माता-पिता और बच्चे परेशान होते हैं। साथ ही नेटवर्क की समस्या भी रहती है। ऐसे में इसमें सुधार करवाया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि अमले को शासन से दिए गए मोबाईलों की मेमोरी अच्छी नहीं है न ही बेलेंस डलवाने के लिए अलग से राशि दी जाती है। ऐसे में अच्छा मोबाइल दिलवाते हुए नेटपैक डलवाने की व्यवस्था भी विभाग की तरफ से करवाई जाए।

# बाइपास निर्माणः सत्ताधारियों ने मौन साधा तो विपक्ष आया सामने

पूर्व विधायक तंवर के नेतृत्व में जिलाधीश से मिले इंकाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ शहरी क्षेत्र की सीमा के बीच से गुजर रहे बाइपास के कारण नित नए हादसे हो रहे हैं। बीते एक महीने के दौरान ही बाइपास क्षेत्र में पांच दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें 2 लोग काल के गाल में समा चुके हैं। इन दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने नवीन बाइपास का निर्माण अत्यावश्यक हो गया है।

ऐसे में जब सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों ने कोई आवाज नहीं उठाई तो शनिवार को पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से मिलकर नवीन बाइपास निर्माण कार्य को प्राथमिकता में रखते हुए फाईलें आगे बढ़वाने की मांग रखी। इसके साथ ही कलेक्टर को एक पत्र भी सौंपा गया। पत्र में उल्लेख किया कि राजगढ़ शहर के बीच से निकला एनएच-52 हाईवे अब मौत का मार्ग बन चुका है। आकस्मिक दुर्घटनाओं में अनेकों लोगों की जान जा चुकी हैं वहीं कई लोग विकलांग हो चुके हैं। अगर स्वीकृत बाईपास के निर्माण को प्राथमिकता में लेते हुए फाईलों को आगे बढ़वाया जाए तो निर्माण जल्द चालू हो जाएगा।

## केंद्र से मिल चुकीहै स्वीकृति

पूर्व विधायक तंवर ने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बाइपास निर्माण के लिए दिल्ली जाकर राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के मुख्य सचिव से व्यक्तिगत भेंट कर बाईपास स्वीकृत करवाया था। इस संबंध में तीन रूट प्रस्तावित होकर सितंबर 2024 में बैठक भी हो चुकी है कि किस रूट को फाइनल किया जाए। ऐसे में कलेक्टर से मांग की गई है कि वे पीडल्यूडी एनएच के अधिकारियों से संपर्क कर बाईपास निर्माण की फाईलों को आगे बढ़वाए ताकि टैंडर आदि प्रक्रिया उपरांत निर्माण चालू हो सके।

# एक ओर छात्रों के अभाव में स्कूल बंद, दूसरी ओर अतिथि शिक्षक चला रहे शासकीय स्कूल

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए आयाम स्थापित किए जा रहे जिसमें, सीएम राइज जिसका नाम परिवर्तन कर सांदीपनि विद्यालय के नाम किया गया। ऐसे अनेक परिकल्प शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित हो रहे हैं। इनमें बालक बालिका छात्रावास के साथ स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष नए भवन आदि के निर्माण कार्य प्रस्तावित किए गए। वहीं दूसरी और सारंगपुर विकास खंड में कई स्कूल ऐसे हैं जिनमें शासकीय शिक्षक का अभाव है। तो कई स्कूल ऐसे हैं जो छात्रों की कमी के चलते बंद हो गए। उन स्कूलों के शिक्षक अपनी पदस्थापना को लेकर अचंभित हैं कि स्कूल बंद हो गए तो अब हम कहा पर अपनी सेवा देंगे। हमारे संवाददाता ने ऐसे कुछ स्कूलों की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ली तो पता चला कि शिक्षक नहीं हैं। अतिथि शिक्षक स्कूल चला रहे वहीं दूसरी और स्कूल हैं किंतु छात्र छात्राएं नहीं हैं। इन सब बातों की हकीकत जानने के लिए ब्लाक शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी से संपर्क किया तो विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश वीरमाल ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय रामपुरिया एवं कौड़ियांखेड़ी में छात्र छात्राएं नहीं होने के कारण स्कूल बंद करना पड़ा वह के शिक्षकों की अन्य स्कूल में शीघ्र पदस्थापना की जायेगी, वहीं दूसरी और माध्यमिक विद्यालय भुमका, सिमरोल, पठारी में शासकीय शिक्षक की पद पूर्ति नहीं होने से अतिथि शिक्षक स्कूल संचालित कर रहे हैं। ऐसे में एक कमरे में स्कूल चल रहा है जिनमें हाजीपुर,भीकनपुर, जबरदी के विद्यालय आज भी अपने भवन का इंतजार कर रहे हैं।

क्रेन चालक को आई मामूली चोटें

# ढलान पर ब्रेक फेल होने से बीच हाईवे पर पलटी क्रेन



**राजगढ़।** बीते करीब एक पखवाड़े से शहर अमूमन रोजाना हादसे हो रहे हैं। शनिवार दोपहर संकट मोचन बड़ली क्षेत्र से आ रही एक क्रेन ढलान पर ब्रेक फेल होने के चलते हाईवे पर आकर पलटी मार गई। गनीमत से दुर्घटना में क्रेन चालक को मामूली चोट आई हैं।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में निर्माणाधीन रामगंजमंडी-भोपाल रेलवे लाईन के कार्य में लगी एक क्रेन संकट मोचन बड़ली तरफ से राजगढ़ तरफ आ रही थी। इस दौरान ढलान वाली सड़क पर अचानक क्रेन का ब्रेक फेल हो गया। ऐसे में क्रेन अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे एक बाईक सवार को बचाने के चक्कर में क्रेन के ड्राइवर महेंद्र सिंह निवासी ग्राम सतनखेड़ी ने स्टेयरिंग तेज तोड़ दिया। बाईक चालक तो बच गया लेकिन क्रेन हाईवे पर आकर पलटी मार गई। हालांकि, दुर्घटना में क्रेन के चालक महेंद्र को मामूली चोंटें आई हैं। घटना के कुछ समय बाद मौके पर पहुंची पुलिस व अन्य ने एक दूसरी क्रेन बुलवाते हुए हाईवे के बीच पड़ी दुर्घटनाग्रस्त क्रेन को साइड में करवाया।

कर संवर्धन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# विदिशा में केंद्रीय जीएसटी शाखा कार्यालय खोला जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क डिवीजन भोपाल द्वारा विदिशा में कर संवर्धन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसका उद्देश्य करदाताओं, कर सलाहकारों और विभाग के बीच समन्वय बढ़ाना तथा पारदर्शी एवं सुगम कर प्रणाली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में विदिशा रेंज के सुपरिंटेंडेंट लक्ष्मण चौरसिया ने मुख्य वक्ता के रूप में जीएसटी विभाग की इस पहल के महत्व और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विदिशा-रायसेन टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की ओर से एक ज्ञापन भी सौंपा गया। एसोसिएशन के सचिव वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट विकास जैन ने कहा कि विदिशा और रायसेन जिलों के व्यापारियों एवं कर सलाहकारों को छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए बार-बार भोपाल जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि भोपाल की दूरी के कारण आवागमन में कठिनाई होती है और समय व संसाधनों की भी अनावश्यक बर्बादी होती है। ज्ञापन में नगर में केंद्रीय जीएसटी कार्यालय की एक शाखा खोलने की मांग की गई। ताकि स्थानीय व्यापारियों और कर सलाहकारों को सुविधा मिल सके। यह ज्ञापन चीफ कमिश्नर, कस्टम्स, जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क मप्र छत्तीसगढ़, भोपाल के नाम विदिशा रेंज के अधिकारी सुपरिंटेंडेंट लक्ष्मण चौरसिया को सौंपा गया।

इस दौरान सौंपने के दौरान टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के पदाधिकारीगण और चक्रेश जैन, संजय सांवला, संदीप शाह, अर्पित शर्मा, राजेश शर्मा, शरद सिंघवी, देवेंद्र परिहार, नितिन सोनी, दीपक कुमार और प्रद्युम्न श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# किशनगढ़ बालाजी महाराज की स्थापना वर्षगांठ मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर के किशनगढ़ मोहल्ला स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक धार्मिक स्थल गरूढ़ासीन भगवान श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने विराजित किशनगढ़ बालाजी मंदिर पर हनुमानजी कि स्थापना वर्षगांठ समारोह का दो दिवसीय आयोजन सम्पन्न हुआ। श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ पर दिनांक 13 जुलाई 1991को बालाजी मंदिर का जीर्णोद्धार कर बालाजी महाराज कि स्थापना की गई थी जब से अनवरत प्रतिवर्ष 13 जुलाई को बालाजी कि स्थापना वर्षगांठ मनाई जा रही है। जिसमें एक दिन पुर्व विधि-विधान से पूजा अर्चना करके रामायण-पारायण का श्री गणेश हुआ है द्वितीय दिवस को हवन यज्ञ का आयोजन हुआ । जहां पर आचार्य पं. स्वप्निल व्यास , उपाचार्य अजय शर्मा ,पं. दयाशंकर शर्मा, पं. परोलिया , पं. सतीश तिवारी सहित अन्य विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण करके हवन में आहुतियां दिलवाई तथा समिति के समस्त सदस्यों ने शामिल होकर इस धार्मिक आयोजन में पुण्य लाभ अर्जित किया। हनुमान मंदिर किशनगढ़ पर विगतछह दशक से श्री बजरंग नवयुवक समिति के संयोजक सेवानिवृत्त शिक्षक पं. श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में विभिन्न धार्मिक आयोजन का सिलसिला अनवरत चल रहा है। जिसमें समिति के अनेकों सदस्य द्वारा सुंदरकांड पाठ जोकि नगर के धार्मिक श्रद्धालु भक्तों सहित विभिन्न आसपास एवं दुरस्त स्थित धार्मिक स्थलों पर किया जाता है, तथा प्रति मंगलवार को मंदिर पर समिति सदस्यों के द्वारा पाठ किया जाता है। यह समस्त आयोजन पं श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य एवं निर्देशक में अनुशासन का पुरा ध्यान रखते हुए होते आ रहे हैं।

# संत नामदेव की पूजा कर नामदेव दर्जी समाज ने मनाया गुरुपूर्णिमा महोत्सव



**नरसिंहगढ़।** नगर में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर नामदेव दर्जी समाज ने गुरुपूजन एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन जगदीश पटेल निवास पर किया। इस अवसर पर समाजजनों ने संत शिरोमणि संत नामदेव महाराज की प्रतिमा का पूजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण एवं भजन कीर्तन से हुई, जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गुरुपूजन उपरांत संत नामदेव के जीवन चरित्र पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि संत नामदेव जी ने भक्ति आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने कीर्तन व वाणी से समाज में समरसता, भक्ति और सेवा की भावना का संचार किया। समारोह में नगर के समाजबंधु उपस्थित हुए। कार्यक्रम के पश्चात प्रसादी वितरित की गई। समाज के वरिष्ठजनों द्वारा युवाओं को समाज सेवा, शिक्षा और एकता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शिवप्रसाद वैध, जगदीश पटेल, महेश टेलर, मुकेश नामदेव, श्याम नामदेव, अनिल नामदेव, दिनेश नामदेव सहित अन्य समाज बंधु शामिल हुए।

# थाना प्रभारी शिवचरण यादव सहित स्टाफ ने थाना परिसर में किया पौधरोपण



**खुजनेर।** थाना खुजनेर परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी शिवचरण यादव के निर्देशन में किया गया। पौधरोपण के इस पुनीत कार्य में थाना स्टाफ के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम अंतर्गत थाना परिसर में नीम, पीपल, आम, अशोक सहित अन्य प्रजातियों के पौधे रोपे गए। विशेष बात यह रही कि प्रत्येक स्टाफ सदस्य को कुछदृकुछ पौधे चिन्हित कर, उन्हें सुरक्षित रखने एवं बड़ा करने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि रोपे गए पौधे सिर्फ प्रतीकात्मक न रहकर भविष्य में घने, हरे-भरे पेड़ों के रूप में फलें-फूलें। थाना प्रभारी शिव चरण यादव द्वारा सभी कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश भी दिया गया और इस तरह के प्रयासों को नियमित रूप से जारी रखने की बात कही गई थाना खुजनेर पुलिस का यह सराहनीय प्रयास निश्चित रूप से समाज में हरियाली, पर्यावरण चेतना और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूती प्रदान करेगा थाना प्रभारी शिव चरण यादव ने वृक्षारोपण किया और कहा कि पेड़ ही जीवन है। उन्होंने यह भी कहा कि पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है, इसलिए हम सभी को वृक्षारोपण का संकल्प लेना चाहिए। थाना प्रभारी यादव ने यह भी कहा कि वृक्षारोपण एक महत्वपूर्ण कार्य है जो पर्यावरण को बचाने और हमारे जीवन को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने-अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें।

पुलिस ने ढाई करोड़ के वाहन जब्त कर की बड़ी कार्रवाई

# 19 कार सहित 9 ट्रैक्टर किए जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़





विलासितापूर्ण जीवन शैली से प्रभावित कर प्रदेश के विभिन्न जिलों में वाहन किराए पर लगाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का नरसिंहगढ़ पुलिस ने खुलासा किया है। स्थानीय थाने पर पुलिस अधीक्षक अमित सुरेश तोलानी ने प्रेस कांफ्रेंस कर पर्दाफाश किया व गिरोह के कब्जे से 19 कारे व 9 ट्रेक्टर सहित 28 वाहन लगभग 2.5 करोड़ रुपए की अनुमानित कीमत का मशरूका जप्त कर सरगना सहित 2 आरोपी गिरफ्तार होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 4 जून 2025 को फरियादी कपिल पिता ओमप्रकाश जायसवाल निवासी सूरजपोल नरसिंहगढ़ मित्र चेतन गुर्जर निवासी रामकुंड के साथ थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि शैलेन्द्र सिंह राजपूत निवासी ग्राम सिंदोड़ा थाना नजीराबाद जिला भोपाल द्वारा मेरी कार व मेरे दोस्त चेतन गुर्जर की बालेनो कार किसी कंपनी में किराए से लगाने के नाम पर ली थी न उसने पैसा दिया और न ही हमारी कार वापस कर रहा है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना नरसिंहगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार फरियादी विनोद कुशवाहा की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 404/2025 धारा 316(2), 318 (4) ठछै एवं फरियादी आशीष मेहरा की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 405/2025 धारा 316(2), 318(4) का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। जिसमे अभी तक 28 वाहन 19 कारे, 9 ट्रैक्टर जप्त किए गए जप्त मशरूका की अनुमानित कीमत लगभग 2.5 करोड़ आकी गई। आरोपी को अपनी विलासितापूर्ण जीवनशैली दिखाकर झांसे में लेते थे कंपनी में वाहन लगाने व किराया मिलने का झूठा लालच देकर धोखाधड़ी करते थे। वाहनों को खुर्द-बुर्द कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने की मंशा से अपराध करते थे।

इस मामले में आरोपी शैलेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सिंदोड़ा थाना नजीराबाद जिला भोपाल,आदिल ताई निवासी नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया है वही अधीक्षक ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपेन्द्र सिंह भाटी, थाना प्रभारी शिवराज सिंह की तारीफ की व बधाई दी विवेचना के दौरान परत दर परत मामले का खुलासा हुआ कि शैलेन्द्र सिंह राजपूत अपने साथियों के साथ मिल कर सिंडिकेट चला रहा है इसके द्वारा प्रदेश के कई जिलों में इस प्रकार का जाल फैलाया है शैलेन्द्र सिंह द्वारा अपनी लग्जरी लाइफस्टाइल के प्रभाव में लेकर लोगों से वाहनों को किराए से किसी कंपनी लगाकर प्रत्येक माह मोटी रकम किराया देने का वादा करके वाहन मालिकों से वाहन लेकर उन वाहनों को गिरवी रख आर्थिक लाभ कमाता था वाहन गिरवी रख गोल हो जाता था थाना नरसिंहगढ़ की पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास कर आरोपी शैलेन्द्र सिंह राजपूत और उसके साथी आदिल को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की उक्त आरोपी संगठित होकर अपराध कर रहे थे उक्त अपराध में विधि अनुसार धारा इजाफा की जाएगी। उक्त गिरोह के कब्जे से थाना नरसिंहगढ़ के मामले के वाहन सहित पूछताछ में विभिन्न जिलों के इसी प्रकार की धोखाधड़ी और जालसाजी से प्राप्त किए 28 वाहन 19 कार, 9 ट्रेक्टर जप्त किए है। आरोपियों का पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ जारी है और अन्य मामलों का खुलासा होने की सम्भावना है। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए अधीक्षक ने कहा कि प्रकरण में पूछताछ जारी है एवं अन्य जिलों में भी नेटवर्क की जानकारी एकत्रित की जा रही है। अन्य आरोपियों की तलाश व संलिप्त वाहनों की पहचान के लिए विवेचना प्रगति पर है व जांच की जा रही है।